राजस्थान सरकार
कार्यालय प्राचार्य, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू
E-mail: lohiacollegechuru@gmail.com, Ph.No. 01562-250362, Website: lcc.ac.in

दिनांक :– 18.04.2022

विद्यार्थी हित में सूचना

लोहिया महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षाएं 21 अप्रैल से

लोहिया महाविद्यालय, चूरू में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा सत्र 2021–22 हेतु आयोजित की जाने वाली प्रायोगिक परीक्षाएं 21 अप्रैल से प्रारम्भ होगी। प्राचार्य प्रो. दिलीप सिंह पूनियां ने बतलाया कि ये प्रायोगिक परीक्षाएं वर्तमान में स्नातक स्तर के बी.ए. एवं बी.एससी. (गणित एवं जीव विज्ञान) भाग प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के विज्ञान संकाय एवं भूगोल विषयों के सभी विद्यार्थियों की आयोजित होगी। इन प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु महाविद्यालय में पंजीकृत (नियमित/स्वयंपाठी) विद्यार्थियों को स्वयं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना प्रायोगिक अभिलेख जमा करवाना होगा और साथ में उपस्थिति पंजिका में अपने हस्ताक्षर करना भी अनिवार्य है। इस कार्य हेतु नियमित परीक्षार्थी को अपने साथ महाविद्यालय द्वारा दिया गया परिचय पत्र तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थी को जमा करवाई गई फीस की रसीद और आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य है। प्रायोगिक परीक्षा समन्वयक डॉ. शेर मोहम्मद एवं डॉ. एम. एम. शेख के अनुसार 21 अप्रैल से भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा प्रारम्भ होगी और विज्ञान संकाय की परीक्षाएं 25 अप्रैल से प्रारम्भ होगी। विस्तृत सूचना महाविद्यालय के वेब पॉटल पर उपलब्ध रहेगी जिसका विद्यार्थी समय–समय पर अवलोकन करते रहें। विज्ञान संकाय के भाग तृतीय के नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों को 25–26 अप्रैल को, भाग द्वितीय के विद्यार्थियों को 27–28 अप्रैल को एवं भाग प्रथम के विद्यार्थियों को 29–30 अप्रैल 2022 अपने प्रायोगिक अभिलेख सम्बन्धित प्रयोगशालाओं में प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2.00 के मध्य जमा करवायेंगे। भूगोल विषय में भाग तृतीय के नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा हेतु अभिलेख 21–23 अप्रैल, भाग द्वितीय के लिए 25–27 अप्रैल एवं भाग प्रथम के लिए 28–30 अप्रैल 2022 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक जमा करवायेंगे। विस्तृत सूचना सम्बन्धित विभाग के सूचना पट्ट पर चस्पा कर दी गई है। स्नातकोत्ततर विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क तथा सूचना पट्ट देखते रहें।

प्राचार्य
राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

राजस्थान सरकार
कार्यालय प्राचार्य, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू
E-mail: lohiacollegechuru@gmail.com, Ph.No. 01562-250362, Website: lcc.ac.in

दिनांक :– 18/04/2022

विज्ञान संकाय

आवश्यक सूचना

राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू में पंजीकृत बी.एससी. भाग प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के विज्ञान संकाय के समस्त नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी सत्र 2021–22 की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 25 अप्रैल, 2022 से प्रारम्भ होगी।

विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को केवल अपनी विषय सम्बन्धी (वनस्पतिशास्त्र, प्राणिशास्त्र, रसायनशास्त्र, भौतिकशास्त्र की) प्रायोगिक फाईल उपस्थिति–पत्र पर अपने हस्ताक्षर करते हुए जमा करवानी है। फाईल जमा करने का कार्य बैच के अनुसार ही सम्पन्न होगा। विद्यार्थियों को अपने साथ सम्बन्धित विषयों की सम्पूर्ण फाईल पूर्ण रूप से तैयार कर लानी है।

सभी विद्यार्थियों को अपने साथ महाविद्यालय द्वारा जारी परिचय–पत्र/आधार कार्ड एवं प्रायोगिक शुल्क जमा की रसीद (स्वयंपाठी विद्यार्थियों को) लाना आवश्यक है, जिसके अन्तर्गत सम्बन्धित प्रयोगशाला में व्यक्तिशः उपस्थित होकर प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे के मध्य यह कार्य करवाना है। प्रायोगिक परीक्षा से सम्बन्धित सूचनाएं महाविद्यालय की वेबसाईट (www.lcc.ac.in) पर देखी जा सकती है।

कोविड–19 प्रोटोकोल की पालना के अन्तर्गत मास्क लगाकर महाविद्यालय में आना अनिवार्य है। फाईल जमा करवाने का कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा –

कक्षा	विषय	दिनांक	समय
B.Sc. Pt-III	Bio & Math (Regular & NC)	25-26 April, 2022	10.00-2.00
B.Sc. Pt-II	Bio & Math (Regular & NC)	27-28 April, 2022	10.00-2.00
B.Sc. Pt- I	Bio & Math (Regular & NC)	29-30 April, 2022	10.00-2.00

स्थान : सम्बन्धित विषय की प्रयोगशाला।

प्राचार्य
राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू